online

VRS 8

HINDI (COMPULSORY)

DTVF/17-H-HC5

95

Name: Sanket Agarwal

Mobile:

Test No: HC 5

Date:

mail id:

All the best!

Scanned by CamScanner

Q1

(c) भारत में किसानों की आत्महत्या के कारण

कहाँ जाता है कि किसान अन्नदाता होता है और वह दूसरों को जीवन प्रदान करता है किन्तु आज क्या वजह है कि यही किसान स्वयं अपना जीवन समाप्त करने को विवश है?

भारत में लगभग 50% आबादी किसानों की है लेकिन आजादी के 70 वर्ष पूर्व भी हम अपने इस वर्ग की समस्याओं का निवारण नहीं कर पाए हैं। आकड़ो के अनुसार प्रतिवर्ष हजारों किसान आत्महत्या करते हैं। इनके कई कारण है।

इनमें से सबसे प्रमुख कारण फसल

किसानों की वर्तमान स्थिति तथा अर्थव्यवस्था में उनके योगदान की ओर स्पष्ट करें

की बरबादी या कम उत्पाद है।
आज भी लगभग 50% खेतों को वर्षा पर ही निर्भर रहना पड़ता है जिसकी वजह से खेती के फसल की मात्रा में अनिश्चितताएँ आती है।
इसके लिए जल सिंचाय के अभियानों मे तेजी लाने की आवश्यकता है जैसे कि प्रधान मंत्री कृषि सिंचाय योजना। पानी के साथ साथ यह भी आवश्यक है कि खाद और आधुनिक तकनीक भी किसानों को उपलब्ध कराई जाए।
फसल की बरबादी से निपटने के लिए भंडारण की व्यवस्था को भी सुधारने की आवश्यकता है।

सामाजिक व आर्थिक कारकों को स्पष्ट करें

पूर्व ...

किसानों के बढ़ते तनाव का एक और कारण यह है कि बैंको से कर्ज लेने में उन्हे काफी परेशानी होती है जिसके कारण वह साहूकार के चंगुल में फस जाता है। अधिक ब्याज दर के वजह से कर्ज का बोझ बहुत ज्यादा होजाता है, जिससे परेशान होकर किसान आत्महत्या कर लेते है। इसके लिए हमें किसानों को कम दरो मे कर्ज दिलाने की व्यवस्था करनी चाहिए। एनएबीएआरडी इसके लिए बैंको के साथ मिलकर कई कदम उठा रहा है., किन्तु इसमे और इजाफे की जरूरत है।

अच्छे फसल प्राप्त होने के बाद भी यह देखा जाता है कि उसका सही मूल्य नहीं मिल पाता है। सरकारी मंडियो में बिचौलियों द्वारा किसान को

पूर्व की समस्याओं को और स्पष्ट करें।
Ex- अण्डाराज आदि

शोषित किया जाता है। साथ ही राज्यो के एपीएमसी कानूनों के माध्यम से फसल को बेचने पर कई तरह की बाधाओं का सामना करना पड़ता है जैसे कि अधिक कर, सीमीत क्षेत्र, आदि। इससे निपटने के लिए सरकार कई कदम उठा रही है जैसे की राष्ट्रीय कृषि बाज़ार (एनएएम), नीति आयोग द्वारा दिया गया मॉडल एपीएमसी कानून, आदि। किन्तु कृषि राज्यो के शक्तियों के दायरे मे आने के कारण, यह आवश्यक है कि सभी राज्य सरकारें इन योजनाओ को उपयोग करें।

सरकार की नीतियाँ?

इन सभी कारणों के अलावा, बढ़ती

Scanned by CamScanner

आत्महत्याओं का एक कारण यह भी हो सकता है कि वैश्वीकरण के इस दौर में किसानों को एक पिछड़े वर्ग के रूप में देखा जाता है जिससे उनके आत्मसम्मान को चोट पहुँचती है। सामाज में अपने खोए हुए स्थान से किसान निराश होकर आत्महत्या करने पर उतर आता है।

प्रमुख योजनाओं को ओर स्पष्ट करें

29

21वी सदी में भारत के कई सपने हैं, किन्तु यह आवश्यक है कि इन सपनो की लालसा में हम अपने किसानों को न भूले। किसानो के विकास में ही देश का विकास छिपा है। अतः बढ़ती आत्महत्याओं को रोकना और किसानों की समृध का विकास करना देश का सर्वप्रथम दायित्व है।

Scanned by CamScanner

Q2 (a) लेखक के अनुसार नारी वर्षों से प्रताड़ित होती आयी है और आधुनिक समाज में भी यह ही हो रहा है। कानूनी रूप से कई बुराईयों को समाप्त करने का प्रयास विफल रहा है क्योंकि आज भी विभिन्न तरीकों से नारी को प्रताड़ित किया जाता है। यह ही नहीं, आधुनिक वैज्ञानिक खोजों ने इसमें बढ़ोतरी लाई है। अतः यह कहा जा सकता है कि कमी के बजाय, आधुनिक समाज में नारी को नए तरीके से प्रताड़ित किया जा रहा है।

लिंगानुपात के संदर्भ में और चर्चा

3

(b) गद्यांश में नारी को पुरुषों के लिये सर्वोत्तम सुख इसलिए कहा गया है क्योंकि नारी विभिन्न रूप में पुरुषों के जीवन को सम्पूर्ण रूप देती है। वह माता, पत्नी और बेटी बनकर पुरुषों को सर्वोत्तम सुख का अनुभव कराती है। जन्म देने से लेकर परिवार की देखभाल करने तक, नारी पुरुष के सुख में योगदान देती है।

नारी की विभिन्न भूमिकाओं और स्पष्ट करें।

3

Scanned by CamScanner

(c) लेखक कहता है कि विज्ञान ने क्रूर पंजो को और भी अधिक धारदार बना दिया है क्योंकि वैज्ञानिक खोजों के इस्तमाल से कन्या भ्रूण हत्या और भी अधिक हो गई है। समाज के क्रूर पंजों में अलट्रासाउंड जैसे तकनीक की वजह से, यह पंजे बेटियों को जन्म से पहले ही समाप्त करने मे और भी काम्याब हो रहे हैं। अतः विज्ञान ने इन्हे धारदार बना दिया है।

तकनीकी और भ्रूण हत्या की ओर चर्चा करें 3½

(d) लेखक के अनुसार कन्या भ्रूण हत्या और उनकी कम होते आबादी के कारण पारिवारिक जीवन में असंतुलन एवं संकट उत्पन्न हो जाएगी। आज स्त्री का परिवार की देखभाल, बच्चों की परवरिश, आदि में अहम भूमिका है, यहा तक कि परिवार चलाने में उसका आर्थिक योगदान पुरूष से कहीं अधिक पाया जाएगा, इसलिए भविष्य में पारिवारिक जीवन में संतुलन का अभाव एवं

विभिन्न राज्यों के संदर्भ में और चर्चा करें 2½

Scanned by CamScanner

(8) आर्थिक संकट पाया जाएगा।

(e) लेखक के अनुसार कन्या भ्रूण हत्या में सर्वाधिक भागीदारी हमारे समाज की है। यह समाज लड़की को बोझ और लड़के को आमदनी की नज़रों से देखता है। अतः कन्याओं को गर्भ में ही मार दिया जाता है और आज कन्या भ्रूण हत्या की स्थिती महामारी का रूप ले चुकी है। अतः यह आवश्यक है समाज को स्त्रियों का महत्त्व समझना होगा।

संभावित अन्य कारणों की भी चर्चा करें

3½

Scanned by CamScanner

Q 3 भारत के लोकतंत्र में चुनावों का खासा महत्व है। चुनावों की स्वतंत्रता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता को सुनिश्चित करने में चुनाव आयोग की अहम भूमिका है। साथ ही साथ प्रत्येक नागरीक का यह कर्तव्य है कि वह निर्वाचन प्रक्रिया में भाग ले। किन्तु चुनाव आयोग द्वारा यह पाया गया है कि वर्ष-दर-वर्ष वोटरों के पंजीकरण तथा उनकी भागीदारी में तेज इजाफा नही हुआ है। इस समस्या को हल करने के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस पहली बार 25 जनवरी 2011 में बनाया गया। इसका उद्देश्य लोगों के बीच चुनाव प्रक्रिया के प्रति जागरूकता फैलाना है, खासकर नए पात्र मतदाताओं का पंजीकरण कराना है।

वर्तनी अशुद्धियाँ न करें।

Scanned by CamScanner

इस प्रयास मे एसवीईईपी अभियान का खासा योगदान रहा है जिसके अंतर्गत मतदाताओं के भागीदारी को बढ़ाने के लिए विभिन्न अभियानों की शुरुआत की गई। युवाओं को इस अभियान से जोड़ने के लिए कई हस्तियों को इस अभियान के उपयोग में लाया गया है।

इन सभी प्रयासों के द्वारा हम भारत के लोकतंत्र को मज़बूत बनाने की दिशा में चल रहे हैं।

गद्यांश के मूल भाव को अपने शब्दों में और स्पष्ट करें।

16

Scanned by CamScanner

4. Presently, global warming is the biggest challenge in front of the world. A question mark has arisen on human civilisation itself due to global warming. The disastrous consequences of global warming are being estimated in various scientific researches. Some researches claim that in the coming 50 years, environment will be polluted to such an extent that it will be impossible for humans to rectify it. In such a situation, humans should search for other planets to live. This is the right time when all the countries of the world, through their coordinated efforts, should reduce pollution so as to solve the problem of global warming.

It is surprising that a responsible nation like America has separated itself from the Paris

Scanned by CamScanner

Agreement. America says that India and China have been given extra concessions in this agreement. This logic of America is not true in the context of India. Indian civilisation has been respecting environment since ancient times. It is true that we also play a role in environmental pollution but compared to the pollution caused by us, we are contributing much more towards reducing environmental pollution. It is only justified that the contribution towards reduction of pollution should be in the same proportion as the ~~Creating pollution~~ Contribution towards creation of pollution in the environment.

अच्छा प्रयास
शब्द सीमा का प्रयोग करें

9½

5. विकास, बेहतर, क्रमिक और निश्चित बदलाव का वह आकार है जो कि जन्म के समय शुरू होता है और ज़िन्दगी भर चलता रहता है। यह सभी आयुवर्गों में जन्म से बुढ़ापे तक चलता रहता है। हमारे माता पिता से प्राप्त गुणों का विकास में प्रभाव से प्राकृतिक कारणों की भूमिका स्पष्ट होती है। विकास पर प्रभाव डालने वाली सामाजिक-भावनात्मक प्रक्रियाएँ वे है जो व्यक्ति के दूसरों के साथ बातचीत में बदलाव को दर्शाती है। एक बच्चे का अपनी माँ से बोलने लगना तथा एक युवती का अपने भाई-बहन से प्यार भरी व्यवहार करना, यह सब मानव विकास में महत्वपूर्ण सामाजिक

सामाजिक-भावनात्मक प्रक्रियाओं को दर्शाता है।

विकास विभिन्न दिशाओं में होता है। इनमें से कुछ में बढ़ोतरी एवं दूसरों में कटौती दिखायी पड़ती है। बड़े लोगों के अनुभव उन्हें समझदार बना सकते हैं तथा उनके द्वारा लिए गए निर्णय को सही दिशा दिखा सकते हैं। हालांकि उम्र के साथ, क्षमता में कमी आना स्वाभाविक है, खासकर उन कार्यों में जिनमें तेज़ गति की आवश्यकता है, जैसे दौड़ना। विकास बहुत सारे विषयों के ध्यान पर है, जैसे कि मनोवैज्ञानिक, सामाजिक विद्वान, आदि। व्यक्ति के आचरण के पीछे पर्यावरण, सामाजिक, ऐतिहासिक, विरासती, सांस्कृतिक, आदि का प्रभाव है। बदलते संदर्भ के अनुसार लोग बदलते रहते हैं।

वर्तनी अशुद्धियाँ न करें।

स्पष्ट लिखें।

7

Scanned by CamScanner

6 (a) (i) अपनी खिचड़ी अलग पकाना

अर्थ → अलग रहना

वाक्य → राम हमारे साथ नहीं खेलता है, वह अपनी खिचड़ी अलग पकाता है।

1

(ii) एक और एक ग्यारह होना

अर्थ → संगठन में शक्ति होना।

वाक्य → साथ मिलकर काम करने पर ही सफलता मिलती है, आखिर एक और एक ग्यारह होते हैं।

2

(iii) एक लाठी से हाँकना

2

(iv) औंघट चाल चलना

अर्थ → अपने बात पर अड़ा न रहना

वाक्य → राम पे भरोसा मत करना, वह तो औंघट चाल चलता है।

0

(v) कागज़ी घोड़े दौड़ाना

अर्थ → ऊँची ऊँची कल्पनाएँ करना

वाक्य → रवि कुछ काम नहीं करता है, बस कागज़ी घोड़े दौड़ाता है।

1½

Scanned by CamScanner

(b)

(i) यह सुनते ही मैं श्याम पर बरस गया।
- यह सुनकर मैं श्याम पर बरस गया।

(ii) तुम बड़ा आगे बढ़ गए।
- तुम बड़ी आगे बढ़ गए।

(iii) दो बकरी और एक भेड़ मैदान में हरी घास चर रहे हैं।
- दो बकरी और एक भेड़ मैदान में हरी घास चर रहा हैं।

(iv) आप इतने वर्षों के बीच दिखाई नहीं दिये।
- आप इतने वर्षों से दिखाई नहीं दिये।

2

(v) तुम्हें अपनी आत्मकथा लिखनी चाहिये।
- तुम्हें आत्मकथा लिखनी चाहिये।

2

Scanned by CamScanner

(c)

(i) जंगल

→ वन , अरण्य ✓ 2

(ii) रात्रि

→ रजनी , निशि ✓ 1

(iii) घड़ा

→ लोटा, मटका ✓ 1

(iv) पक्षी

→ परिंदा , चिड़िया ✓ 2

(v) मूर्ख

→ गधा, बुद्धु ✓ 1/2

Scanned by CamScanner

(d)
(i) अंस - अंश

(ii) अचर - अनुचर

(iii) आहूत - आहुति

(iv) कंकाल - कंगाल
कंकाल → ठठरी
कंगाल → बरबाद
वाक्य → रेगीस्तान मे डाकुओ द्वारा लुट जाने पर वह कंगाल हो गया और चारो तरफ कंकाल देखकर वह और भी व्याकुल हो गया।

1/2

Scanned by CamScanner

(४) द्वीप - दीप

→ द्वीप → टापू

दीप → दिपक, रोशनी

2

वाक्य → द्वीप मे फसे हुए आदमी को दूर जहाज से आता हुआ दीप देखकर बहुत राहत मिली।

Scanned by CamScanner